हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE

## Freedom RAIPUR RUN

### उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. टंकराम वर्मा**
खेल एवं युवा कल्याण
मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




**मान. पुरंदर मिश्रा**
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. एजाज ढेबर**
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



**मान. प्रमोद दुबे**
सभापति
नगर निगम, रायपुर

### समापन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. किरण देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



**मान. दीपक बैज**
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



**मान. गुरु खुशवंत साहेब**
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. विक्रम सिंह सिसोदिया**
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

## 1 DEC 2024

10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Time : 6.00 AM (Morning)

Title Sponsor — Freedom Refined Sunflower Oil

Prayer Partner — परिमल ब्रांड अगरबत्ती भारतवासी अगरबत्ती — भारत देश कि सर्व श्रेष्ठ धूप

Associate Sponsors — CONCRETE TMT & PIPES (मजबूती ही हमारा विश्वास है), IB GROUP, ABIS, RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH, R1

Health Partner — SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

Outdoor Partner — ASA ADVERTISING AGENCY

RAMA TMT BARS — ANDAR SE ATOOT

Vachan — Great Taste. Enriched Life

IFFCO

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन — पंजीयन क्रमांक 3940 — स्थापना वर्ष 2012

निजात — नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां. — रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

**(BIB Distribution on 30th Nov.)**
**Venue - Haribhoomi Office, Raipur**
**Time - 11 AM. to 4 PM.**
**Only Registered Participants for BIB***

## खबर संक्षेप

### पथर्री में बाल मेला 30 को

**डोंगरगांव।** प्राथमिक शाला पथर्री में आगामी 30 नवंबर को बालमेला का आयोजन रखा गया है। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू होंगे। अध्यक्षता सरपंच अंजलि धावड़े करेंगी। विशिष्ट अतिथि बीईओ प्रशांत चितवर्कर, प्राचार्य हरीश सोनी, जनपद सदस्य देवारुराम मालेकर, तालेश्वर देवांगन, कौशलराम वर्मा, गुहाराम देवांगन, दिलीपसिंह नेताम, नारायण लाल साहू होंगे। आयोजक शाला विकास समिति एवं प्रधानपाठक राजकुमार ठाकुर ने पालकों से बाल मेला में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### रोहित जंघेल ने ग्रहण किया पदभार



**सड़क अतरिया।** सेवा सहकारी समिति कुकुरमुड़ा में नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी रोहित जंघेल ने गुरूवार को पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया। पदभार ग्रहण करने के मौके पर श्री जंघेल ने कहा कि यह समिति हमेशा से एक परिवार की तरह रही। सबको मिलकर समिति को आदर्श रूप प्रस्तुत करना है। इस दौरान राधेमोहन वैष्णव, गैंदूराम जंघेल, संतोष यदु, अशोक जंघेल, संजय वैष्णव, दूधेराम पाल, गैंदलाल जंघेल, रतिराम जंघेल, महेश जैन, वीरेन्द्र जंघेल, दुखुराम पटेल, युवराज ठाकुर, अमलेश सिन्हा, देवकुमार जंघेल, ऊनीसिंह, जयकरण जंघेल, संतोष जंघेल, तुकाराम साहू, बसंत जंघेल, रतन जंघेल, उभेराम, लतमार, धनसाय साहू, बलदेव मरकाम, चन्द्रेश वर्मा, संतराम यदु, रामावतार साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### मनाया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस



**डोंगरगांव।** बीआर अंबेडकर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ी के उपयोग तथा छत्तीसगढ़ी बोली की महत्ता से अवगत कराने के लिए महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. आशाराम साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यक्रम में एमए हिन्दी के छात्र गुलशन कुमार ने लक्ष्मण मस्तूरिया के गीतों की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने विभिन्न गीतों की प्रस्तुति दिया। इस मौके पर प्रो शिवनाथ देवांगन, चंदन कुमार, नंदकुमार साहू, शुभम बनाफर, एकलव्य साहू आदि उपस्थित थे।

### बच्चों को किया प्रेरित



**डोंगरगांव।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पेंडरवानी में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने विद्यार्थियों को शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता के विकास हेतु टिप्स बताते हुए नियमित रूप से योग एवं शारीरिक श्रम करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जितना जरूरी मानसिक कार्य करना है उतना ही जरूरी शारीरिक श्रम करना भी है। विद्यार्थियों को जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने प्रेरित किया। उन्होंने नशा का नाश का जड़ बताते हुए मोबाइल के दुरुपयोग से बचने प्रेरित किया। अंत में प्रधानाचार्य जीवनलाल साहू ने आभार व्यक्त किया।

### पेंशनरों की आमसभा 30 को

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेष्वरी नीचे मंदिर के भवन में आगामी 30 नवंबर को पेंशनर्स एसोसिएशन की आमसभा आयोजित किया गया है। आमसभा में आगामी माह अध्यक्ष के निवार्चन पर चर्चा करेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। सभी पेंशनरो को अधिक से अधिक संख्या में आमसभा में शामिल होने की अपील अध्यक्ष ललित किशोर नारंग ने किया है। यह जानकारी सचिव रमेश बहेकर ने दी।

### विद्यार्थियों को दिया नेट-सेट पर मार्गदर्शन



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों को सेट-नेट की तैयारी हेतु कोचिंग एवं मागदर्शन दिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. आरआर कोचे ने सेट-नेट परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति एवं वर्तमान प्रारूप के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सेट-नेट का पाठ्यक्रम को अवलोकन कर प्रत्येक शीर्षक का अध्ययन गहराई से करें तथा उन्हे अधिक से अधिक बार पुनरावृत्ति करते रहे। डॉ. कोचे ने बताया कि प्रश्नों को हल करते समय सरल प्रश्नों को प्रथम क्रम में हल करने के बाद कठिन प्रश्नों को हल करना चाहिए। कोचिंग में शामिल छात्रों केप्रश्न के जवाब में डॉ.कोचे ने दिया।

### बाल मेला में बच्चों ने लगाए स्टाल



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में 27 नवंबर को प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी की अगुवाई में बालमेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक प्रमोददास सिरदार ने बालमेला के महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने पूजा अर्चना कर मेला का शुभारंभ किया। बच्चों ने अंकुरित चना, भेल, गाजर हलवा, गुलाब जामुन, इडली, पुड़ी सब्जी, ब्रेड पकोड़ा, मिर्ची भजिया, मोमोस, चाइनीज पकोड़ा, गुपचुप चाट, अरसा, ईख, मैगी एवं खिलौने के स्टाल लगाए। ग्रामवासियों ने मेले का भरपूर आनंद लिया। मेले में राऊत नाच, मड़ई एवं बैरग आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर तिलक साहू, बिन्दा मंडावी, दिनेश्वरी मंडावी, हेमदास उईके, भेदबाई वर्मा, वेनु वर्मा, फलिता साहू, अन्नपूर्णा साहू, महेश्वरी मंडावी, भारती साहू, नेहरू ठाकुर, भीखम मंडावी, प्रकाश वर्मा, उमेश साहू, साधुराम साहू, हेमराय उईके, आधार मंडावी, त्रिलोचन साहू, खेमचंद साहू, नेतन वर्मा, तुका साहू, बसंत, गौतम वर्मा, सावित्रीबाई, नन्नी ठाकुर, परमानंद मंडावी, नरसिंग साहू, तमेश साहू, टीकेश्वरी चन्द्रवंशी, गजेंद्र मंडावी, प्रकाश कंवर, अश्वनी आदि मौजूद थे।



### न्योता भोज आयोजित

**अंबागढ़ चौकी।** पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला चिखली में श्रीवास्तव परिवार ने शासन की योजना के तहत न्योता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को पौष्टिक भोजन परोसा गया।

## चरमराने लगी धान खरीदी व्यवस्था, आने वाले दिनों में बढ़ेगी दिक्कतें

# एक पखवाड़े बाद भी परिवहन शुरू नहीं अब सोसाइटियों में बने जाम के हालात







हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

डोंगरगढ़ विकासखंड के अधीन आने वाली समितियो में धान खरीदी तेजी से चल रही है किन्तु परिवहन नहीं होने से समिति प्रबंधको के माथे पर चिंता की लकीरे दिखाई देने लगी है। है 14 नवंबर से अब सोसायटियों में बफर लिमिट से दो से तीन गुना ज्यादा धान की खरीदी होने के बाद भी प्रशासन ने अब तक धान का परिवहन शुरू नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार लालबहादुर नगर, रामाटोला, लालूटोला, महाराजपुर, कोलिहापुरी, खोबा, चारभाटा, बागरेकसा, मुसरा, मेढ़ा, मुड़पार सहित अन्य सोसायटियों ने बफर लिमिट से तीन गुना ज्यादा धान खरीद लिया गया है। धान खरीदी के बाद अब रख रखाव की चिंता सताने लगी है।

### मुसरा में खरीदी बंद करने की तैयारी

मुसरा सोसायटी में धान की बफर लिमिट 12000 हजार क्विंटल है। अब तक 26450 क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है जो बफर लिमिट से दो गुना से भी अधिक है। सोसायटी में अब धान भंडारण के लिए जगह नहीं है। आने वाले एक- दो दिन मे धान का उठाव नहीं हुआ तो सोमवार से मुसरा सोसायटी में धान की खरीदी बंद हो जाएगी।

### वैकल्पिक इंतजाम के बाद भी विलंब

ट्रांसपोर्टरों से परिवहन कराने विभाग ने अनुबंध किया लेकिन मार्कफेड से अनुमति नहीं मिलने के कारण उठाव शुरू नहीं हो सका है। विगत वर्ष धान खरीदी शुरू होने के कुछ दिन बाद ही धान का उठाव शुरू हो गया था जिसके बाद भी कई जगह पर जाम होने की स्थिति बन गई थी। इस बार खरीदी शुरू होने के 15 दिन बाद भी परिवहन शुरु नहीं हुआ है।

### जगह की कमी, खरीदी बंद होने के कगार पर

**छुरिया।** साल्हेटोला सोसायटी से धान का उठाव नहीं होने के कारण खरीदी बंद होने के हालात बन गए है। शीघ्र धान का उठाव नहीं हुआ तो धान खरीदी बंद हो जाएगी जिससे किसानों को भटकना पड़ सकता है। नव नियुक्त समिति प्राधिकृत अधिकारी गजेंद्र पाल ने बताया कि धान का परिवहन नहीं होने की जानकारी उन्होंने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल को दे दिया है। श्री बघेल के कहने पर धान का उठाव शुरू नहीं हो सका है जिसके चलते अब धान खरीदी बंद करना पड़ सकता है। दूधनाथ मंडावी ने बताया कि समिति के बाजू में खाली जगह है जिसका पटाव कराने के लिए प्रशासन को अवगत कराया गया था किन्तु कोई पहल नहीं किया।

### सुविधाओं का आभाव

**खुज्जी।** धान खरीदी शुरू हुए एक पखवाड़ा होने जा रहा है पर अब तक धान का परिवहन नहीं होने से जगह कम पड़ने लगी है। स्थानीय जिला सहकारी बैंक शाखा अंतर्गत आठ सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी किया जा रहा है। सेवा सहकारी समिति खुज्जी में अब तक 4800 क्विंटल, रतनभाट में 134 26 क्विंटल, किरगी समिति में 8412, सोनेसरार में से 7402 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए किसान कुटीर तो बना दिया गया है किन्तु ठेकेदारो ने अब तक हैंडओवर नहीं किया है। यहां पेयजल के लिए टंकी भी नहीं लगाया गया है।

### वादे से मुकरी भाजपा सरकार



**अंबागढ़ चौकी।** विधायक भोलाराम साहू ने बांधाबाजार, आमाटोला, चिल्हाटी सोसायटी पहुंचकर धान खरीदी का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना एवं प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिया।विधायक साहू ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफ़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि 19 से 25 नवंबर तक नए किसानों का पंजीयन, वन भूमि,रेगहा करने वाले किसानों का पंजीयन करने की बात कही गई थी किन्तु 22 नवंबर को ही लिंक लाक कर दिया गया। पंजीयन के लिए किसान तहसील कार्यालय के चक्कर लगाकर मायूस हो गए है। वहीं सोसायटी में पर्याप्त बारदाना नहीं होने से किसान परेशान तथा बाजार से 70 रूपए की दर से बारदाना खरीदने मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 31 सौ रूपए प्रति किवंटल की दर से धान खरीदने और एक मुस्त भुगतान करने का वादा किया था किन्तु सरकार बनने के बाद पूरा भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस मौके पर नपं उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, साधना सिंग आदि मौजूद थे।

# जेसीबी को राजसात करने की कार्रवाई

## वन विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

वन परिक्षेत्र छुईखदान के अधिकारी- कर्मचारी गत दिनों कक्ष कमांक पी/201 में सीपीटी के पास एक जेसीबी को मुरूम का अवैध खनन करते हुए पाया। वन अमले ने वन क्षेत्र में अवैध मुरूम खनन करने पर वन अधिनियम 1927 की धारा 12 (ख) (IV) एवं 33 (1) (ख) के तहत वाहन चालक विकास सूर्यवंशी पिता कृष्णाराम सूर्यवंशी निवासी मानपुर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जेसीबी क्रमांक सीजी 08 एएम 9567 जप्त किया। जप्त वाहन को राजसात करने की प्रकिया प्रारंभ कर दिया गया है।



जानकारी के अनुसार उप वन मंडलाधिकारी खैरागढ़ ने वन अधिनियम की धारा 52 के तहत जप्त वाहन को राजसात की प्रकिया प्रारंभ करने की सूचना न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय प्रथम वर्ग छुईखदान को दी है। जप्त वाहन के स्वामी ने न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय प्रथम वर्ग छुईखदान में जेसीबी को सुपुर्दनामे पर देने आवेदन प्रस्तुत किया। न्यायालय ने जप्त वाहन का राजसात कार्यवाही प्रारंभ करने की सूचना न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय को निर्धारित अवधि में देने एवं अन्य न्यायालय से आदेश जारी नहीं होने के कारण सुपुर्दनामा के आवेदन को खारिज कर दिया है। जप्ती की कार्यवाही वन मंडलाधिकारी आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में की गई। प्रकरण में अशोक वैष्ण, संतोष सिंह राजपूत, चंदन कुमार धावणे, अमित चावले, चंदन मिरचे की भूमिका रही।


# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी पर कार्रवाई नहीं

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद भी प्रशासन कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है। हाल ही में ग्राम पंचायत चिद्दो के सरपंच द्वारा शहरी आवास योजना का लाभ उठाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 2018 में शहर के वार्ड 23 में आधार कार्ड में पता बदल कर आवास योजना का लाभ प्राप्त किया गया है जबकि शहर की मतदाता सूची में उसका नाम नहीं था और न शहर का राशन कार्ड था। जमीन रजिस्ट्री और आधार कार्ड के माध्यम से आवास योजना का लाभ हासिल किया था। आवास के लिए गांव और शहर के पता वाला दो आधार कार्ड जमा किया था। हितग्राही के शपथ पत्र नहीं देने के बाद भी अधिकारियों ने उसे योजना से लाभांवित कर दिया था।

### पत्नी का नाम गांव की सूची में

पंचायत भवन में आवास योजना के हितग्राहियों की सूची चस्पा किया गया है। इस सूची में सरपंच पत्नी का नाम आवास योजना के प्रतीक्षा सूची में अंकित है। सवाल यह है कि एक व्यक्ति शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में योजना का लाभ कैसे ले सकता है। आवास योजना में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद भी प्रशासन कार्रवाई करने में रूचि नहीं दिखा रहा है।

# गायत्री महायज्ञ 12 से



**अंबागढ़ चौकी।** गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में नगर में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आ यो ज न आगामी 12 दिसंबर से होने वाला है। करीब 18 साल बाद होने भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर परिजनों द्वारा तैयारियां की जा रही है। सनातन संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने एवं गायत्री परिवार के सप्त आंदोलन नारी जागरण, नशा उन्मूलन, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल संस्कार के अलावा यज्ञ के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक कायाकल्प तथा आध्यात्मिक विकास हेतु आगामी 12 से 15 दिसंबर तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन क्रिकेट मैदान में रखा गैया हैं। कार्यक्रम के तहत पहले दिन 12 दिसंबर को विशाल कलश यात्रा निकलेगी। देव स्थापना भी किया जाएगा। दूसरे दिन 13 दिसंबर को योग, ध्यान, जाप, देव पूजन, गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा,विचार क्रांति चलचित्र, 14 दिसंबर को सुबह योग ध्यान, जप, गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा, दीप महायज्ञ, आयोजन के अंतिम दिन 15 दिसंबर को सुबह योग, ध्यान, जप, गायत्री महायज्ञ, विभित्र संस्कार, टोली बिदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### गांव-गांव में सघन प्रचार

इस विशाल कार्यक्रम के लिए गायत्री परिजन गांव गांव जाकर पंपलेट, दीवार लेखन, पोस्टर आदि के माध्यम से प्रचार में जुटे है। परिजन लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम में सहभागी बनने का आव्हान कर रहे हैं। प्रचार अभियान में नगर के व्यापारी, कर्मचारी आदि भी अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

# जिम्मेदारी से कराए बूथ के चुनाव: गांधी



**डोंगरगांव।** भाजपा के सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने यादव भवन में मंडल भाजपा ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने सदस्यता अभियान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए लाखों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया है। उन्होंने अभियान की अगली कड़ी में प्रत्येक बूथों के चुनाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए चुनाव अधिकारियों को जिम्मेदारी से उपस्थित होकर प्रत्येक बूथ में अध्यक्ष सहित 12 सदस्यों का चयन करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि मंडल के सभी शक्तिकेंद्रों में नियुक्त चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारियों द्वारा बूथों में स्थानीय समिति गठित कर 12 सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, निर्भय श्रीवास, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, गुलशन हिरवानी, योगेश पटेल, लोकेश यदु, जितेंद्र सिन्हा, जागेश्वर राजू यादव, विजय जैन, नवीन भाई परमार, कोमल साहू, चुनेश्वर साहू, मनबोधी पटेल, भाविश निक्की, मनीष साहू, निर्मला सिन्हा, सरिता ढीमर, अजय वैष्णव, शरद वैष्णव, कोमल साहू, नसीब राते, डोमन पटेल, मोहन सिन्हा, राकेश देवांगन, जनक साहू, वीरेंद्र साहू, लक्ष्मी सेन, मोहन साहू ,गोकुल सिन्हा,नंदलाल कुंभकार सहित अन्य उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024



# एक्शन में सीएसईबी: बकाया वसूलने 373 कनेक्शन कटे, सवा करोड़ की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

अपना करोड़ों रुपए का बकाया वसूलने के लिए अब बिजली विभाग ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। पिछले पंद्रह दिनों के दौरान ही शहर में विभाग ने भुगतान नहीं करने वाले 373 कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की है।

विभाग के एक्शन में आते ही बकायेदारों ने भी राशि जमा करना शुरू कर दिया है। पखवाड़ेभर में करीब सवा करोड़ रुपए की राशि विभागीय खाते में जमा हुई है। बिजली विभाग में कार्यपालन अभियंता रविंद्र गोस्वामी से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। निजी कनेक्शन के साथ ही सरकारी दफ्तरों के भी लंबित बिल की राशि को वसूलने अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर ली है, जो तीन या इससे अधिक महीने से बिल भुगतान नहीं कर रहे हैं। वहीं जिनका एक हजार से अधिक का भुगतान शेष है। इसके अलावा जिलेभर में बिजली संबंधित एवं बिजली चोरी की शिकायतों को लेकर भी सजग होकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

## निजी और सरकारी विभागों को मिलाकर 27 करोड़ रुपए बकाया, अब चलेगा वसूली अभियान

### डेढ़ हजार ने जमा की राशि

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वसूली अभियान के तहत जिले में कुल 46 लाख 33 हजार की बकाया राशि वसूली की गई है। वहीं विभाग के एक्शन में आते ही 1527 उपभोक्ताओं ने भी अपना बकाया बिल का पैसा जमा कर दिया है। विभाग को पिछले एक पखवाड़े में ही एक करोड़ 25 लाख रूपए की राशि प्राप्त हुई है। विभाग ऐसे लोगों के खिलाफ एक्शन ले रहा है। जिनका एक हजार से अधिक का बिल बकाया है।



### सरकारी दफ्तरों में भी नोटिस

निजी कनेक्शनों के साथ ही सरकारी दफ्तरों का भी करोड़ों रुपए का बिल बकाया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में सभी सरकारी विभागों को मिलाकर करीबन 20 करोड़ का बिल भुगतान बाकी है। ऐसे में संबंधित विभागों को नोटिस भी जारी की जा रही है। इसके अलावा निजी कनेक्शनों का करीबन सात करोड़ रुपए का बिल बकाया है। जिसको वसूलने अभियान जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** झाड़ काटने मजदूरी की बात पर विवाद करते टंगिया से प्रार्थी पर हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 नवंबर को प्रार्थी का पिता दयाराम साहू गांव के मजदूर अगरदास साहू को साथ में पेड़ काटने के लिए दिखाने तेलहा खार ले गया था। एक दिन पहले भी पेड़ काटने गया था। जिसमें से एक पेड़ छूट गया था। उसी को दिखाने काटने मजदूरी की बात पर विवाद हो गया था। विवाद होने से आहत दयाराम साहू से झगड़ा-विवाद कर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे टंगिया से सिर, दाहिने गाल, कान के नीचे प्राणघातक वारकर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल ग्राम भाठागांव रवाना किया गया। सूचना पर आरोपी को गांव के बाहरी खार मे छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल दबिश देकर आरोपी को खार में घेराबंदी कर पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी अगरदास साहू 50 साल साकिन भाठागांव द्वारा अपराध करना स्वीकार किया।

घटना में प्रयुक्त लोहे का टंगिया को जब्त कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेश के अनुसार जेल दाखिल किया गया।

## माए एंगल




## खैरागढ़ जिले में 4440 क्विंटल धान का उठाव, अब तक 5060 क्विंटल उठा

# परिवहन की सुस्त शुरूआत, पहले दिन उठा सिर्फ 1440 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिलर्स के असहयोग आंदोलन से निर्मित हुई जाम की स्थिति से निपटने के लिए अब प्रशासन ने ही उठाव कराना शुरू कर दिया है। गुरुवार को इसकी शुरूआत भी कर दी गई है। पहले दिन जिले के 96 केंद्रों से 1440 क्विंटल धान का उठाव कर संग्रहण केंद्रों में पहुंचाया गया है। स्थिति को ध्यान में रखते यह कहा जा सकता है कि शुरूआत सुस्त रफ्तार से हुई है। हालांकि आज से इस गति में और तेजी आने की बातें कही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मिलर्स द्वारा परिवहन नहीं करने के चलते जाम से बचने के लिए प्रशासन ने बीते दिनों जैम पोर्टल के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया की है। इस प्रक्रिया के तहत उपार्जन केंद्रों से धान उठाकर जिले में स्थित चार संग्रहण केंद्रों में डंप किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में 1440 क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 4440 क्विंटल धान का उठाव गुरुवार को किया गया है। वहीं समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रों से तेज गति से उठाव नहीं हुआ तो भी खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित होगी।

### जाम से निपटने के लिए धान के परिवहन में तेजी की जरूरत



### 20 फीसदी किसानों ने बेचा धान, 80% शेष

सभी जिलों में धान की आवक भी तेज है। धान बेचने वाले किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। राजनांदगांव जिले में अब तक 29349 किसानों से 14.25 लाख क्विंटल खरीदी हो चुकी है। खैरागढ़ जिले में 14476 किसानों से 7.76 लाख क्विंटल, मोहला-मानपुर जिले में 6802 किसानों से 3.30 लाख क्विंटल और कवर्धा जिले में 19193 किसानों से 9.23 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है।

### 9 दिसंबर का मिल रहा टोकन

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में आगामी 6 दिसंबर तक टोकन बुक हो चुके हैं। इनमें 95 फीसदी से अधिक टोकन किसानों द्वारा ऑनलाइन ही लिए गए हैं। यही कारण है कि अब ऑनलाइन टोकन की सीमा तय करने के लिए इसका हिस्सा 60 फीसदी तक कर दिया गया है। 9 दिसंबर या इसके बाद की खरीदी में अधिकतम 60 फीसदी टोकन ही ऑनलाइन लिए जा सकेंगे।

### 124 केंद्र में जाम के हालत

14 नवंबर से शुरू हुई सरकारी धान खरीदी में अब तक सही रफ्तार से उठाव नहीं हो पाया है। ऐसे में राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर सहित खैरागढ़ जिले को मिलाकर कुल 124 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक केंद्र ऐसे हैं, जहां अगले 48 घंटे में बफर लिमिट पार हो जाएगी। ऐसे में सभी समितियों में खरीदी की रफ्तार भी प्रभावित हुई है।

# वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर जा रहे दो लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे फिसलकर दूर जा गिरे। इस घटना में दो लोगों की मौत हुई है। दोनों मृतक शहर के मोहारा इलाके के निवासी हैं।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहारा इलाके के निवासी राजू खोब्रागढ़े उम्र लगभग 47 वर्ष एवं युवराज यादव 21 वर्ष मोहारा बजरंग नगर बीती रात किसी काम से डोंगरगढ़ की ओर जाने के लिए बाइक में सवार होकर निकले थे। वे रात लगभग 8 बजे ग्राम मुड़पार पुल के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। बताया गया कि उक्त बाइक सवार पुल के ढलान के पास बुरी तरह से गिर गए। जिससे उन्हें गंभीर चोंटे आई थी। इधर घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर डोंगरगढ़ पुलिस पहुंची, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### मोहारा के निवासी

पुलिस के अनुसार उक्त बाइक में सवार एक युवक हेलमेट भी पहने हुए था। दुर्घटना में हेलमेट टूट गया था। वहीं बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक का सामने का पहिया टूटकर अलग हो गया था। डोंगरगढ़ पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। घटना की जानकारी होने पर सुबह मृतकों के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। इस घटना की खबर से मोहारा क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

# पीड़िता को धमकी देकर मोबाइल चोरी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महिला को मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले एवं उसके मोबाइल को चोरी कर ले जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 नवंबर को प्रार्थिया ने थाना आकर एक लिखित शिकायत आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीबन एक साल पूर्व रिश्तेदारों के शादी कार्यक्रम के दौरान हुए जान-पहचान का फायदा उठाते हुए बातचीत के दौरान आरोपी द्वारा पीड़ति को अवैध संबंध बनाने की बात करता था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था। इसी दौरान पीड़ति को नहाने जाते अकेली देखकर आरोपी बुरी नियत से " तुम मुझसे बात नहीं करोगी तो मैं तुम्हारी बेज्जती कर दूंगा एवं तेरे पति एवं दोनों बच्चों को जान से मार दूंगा कहकर धमकी दिया एवं पत्थर उठाकर मारने का प्रयास किया। जिससे पीड़ति डरकर वहां से भाग गई। आरोपी पीड़ति के घर में रखे मोबाइल को चोरी कर ले गया एवं उसी फोन से पीड़ति के पड़ोसी को फोनकर तोड़-फोड़ एवं चोरी की घटना के संबंध में बताया। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान आरोपी लिखनलाल यादव 24 साल जामसरारकला का पता तलाश पूछताछ किया गया। जुर्म स्वीकार करने से गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

## भोजटोला पुलिस कैंप का मामला

# पुलिस कैंप के समीप मृत मिला बाइक सवार युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मोहला थाना क्षेत्र के भोजटोला पुलिस कैंप के पास एक बाइक सवार युवक सड़क किनारे खेत में मोटर साइकिल सहित मृत अवस्था में मिला है। युवक की मृत्यु का कारण पता नहीं चल सका है। मृतक की पहचान भोजटोला निवासी नूतन नायक पिता बल्लूराम नायक के रूप में हुआ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक भोजटोला कैंप के समीप खेत में बाइक के नीचे दबा हुआ मिला है, जिसे गुरुवार दोपहर ढाई बजे घटनास्थल से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला लाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण पश्चात युवक को मृत घोषित किया है। घटना को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि युवक रात को ही किसी तरह की घटना का शिकार हो गया और रातभर कड़कड़ाती ठंड में पड़ा रहा। इधर मामले में मोहला पुलिस ने मर्ग कायम किया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते आगे की जांच प्रारंभ कर दी।



# महाराष्ट्र से लाया जा रहा 40 कट्टा धान चेकपोस्ट में पकड़ाया, जब्त


- अवैध खरीदी व बिक्री पर लगातार कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी-पाटेकोहरा पर चेकपोस्ट बनाया गया है। जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**सूचना पर की कार्रवाई :** खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बेंदाड़ी चेकपोस्ट में महाराष्ट्र राज्य से वाहन में लाया जा रहा 40 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि बेंदाड़ी चेक पोस्ट में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान अवैध धान की जानकारी मिली। जिसमें 40 कट्टा अवैध धान पाया गया। जब्त धान को छुरिया थाना में अभिरक्षा के लिए दिया गया है। जब्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। महाराष्ट्र से अवैध धान खपाने ग्राम झाडीखैरी के किसान के घर धान का परिवहन किया जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार विजय कुमार साहू, सहायक खाद्य अधिकारी हेमा नाग, खाद्य निरीक्षक गरिमा सोरी और प्रतिमा खुटे उपस्थित थी। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।




## सफाई ठेकेदार के खिलाफ खोला मोर्चा

# सफाई कर्मचारियों के ईपीएफ में घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के साथ ठेकेदार द्वारा वर्ष 2022 से उनके ईपीएफ में घोटाला किया जा रहा है। इस मामले को लेकर अब सफाई कर्मचारी एकजुट हो गए हैं और ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर कराने कोतवाली थाना में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

लंबे समय से नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी ठेकेदार सतीश अन्ना के खिलाफ समय-समय पर आंदोलन के माध्यम से ईपीएफ की राशि नहीं जमा करने का आरोप लग रहे थे। तो वहीं अब ठेकेदार द्वारा राशि जमा करने को लेकर टाल-मटोल किए जाने के चलते सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर करने थाना में शिकायत दर्ज कराई है।



### मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग

कोतवाली थाना पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने कहा कि सतीश रणसुरे अन्ना बाम्बे सफाई कामगार सहकारी समिति के अध्यक्ष हैं और वे सफाई ठेका चला रहे हैं। जिसमें 57 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। वर्ष 2022 से सतीश अन्ना द्वारा सफाई कर्मचारी के ईपीएफ की राशि उनके खाते में जमा नहीं की जा रही है। कई बार कहने पर भी राशि नहीं जमा की गई। अब उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई को लेकर एफआईआर करने आवेदन दिया गया है।

### समय पर वेतन नहीं

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने कहा कि ठेकेदार सतीश अन्ना द्वारा कर्मचारियों को तीन-चार माह में एक माह का वेतन दिया जाता है। जिसके चलते सफाई कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा ईपीएफ की राशि नहीं जमा किया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है।

### काम से निकालने धमकी

ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर कराने थाना पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने कहा कि ईपीएफ को लेकर मांग किए जाने पर ठेकेदार द्वारा काम से निकालने की धमकी दी जाती है। सफाई कर्मचारी विरोध करते हैं तो सभी को डराया-धमकाया जाता है।



## सार समाचार

### एमएसएमई पीआईसी के चेयरमैन बने शिवम



**राजनांदगांव।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा राजनांदगांव जिले में एमएसएमई पीसीआई के चेयरमैन के रूप में युवा नेतृत्व शिवम यादव मनोनीत हुए हैं। ज्ञात हो कि इस मंत्रालय के अंतर्गत उद्यमों की स्थापना को तेज गति देना, युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना, सरकार की योजनांतर्गत ऋण की व्यवस्था कराना एवं मौजूदा उद्योगों को प्रमाणित करने का कार्य मुख्य रूप से करना है। साथ ही मंत्रालय द्वारा किए जा रहे कार्य एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं लोगों तक इसकी सही जानकारी पहचानने का कार्य मुख्य रूप से किया जाना है। ज्ञात हो कि श्री यादव इससे पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में लंबे समय तक कार्य किया है एवं वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा में जिला मंत्री एवं क्रीड़ा भारती के जिला संयोजक के पद पर कार्यरत है। श्री यादव ने इस अवसर पर केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय चेयरमैन एमएसएमई पीसीआई प्रदीप मिश्रा, प्रदेश चेयरमैन भीम यादव, प्रदेश डिप्टी चेयरमैन अवधेश पटेल एवं शुभचिंतकों व समर्थकों का आभार व्यक्त किया है।

### कमला कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना द्वारा की गई। प्राचार्य का स्वागत छात्रा नम्रता राणा द्वारा और उन्नति रामटेके ने रामकुमारी धुर्वा का स्वागत किया एवं दामनी ने डॉ. दुर्गा शर्मा का स्वागत किया।



प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान की छात्रा उन्नति रामटेके ने संविधान के बारे में कविता प्रस्तुत की। छात्रा नम्रता राणा ने संविधान निर्माण के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने संविधान की प्रस्तावना के महत्व पर प्रकाश डाला। राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष ने प्रस्तावना में निहित गुणों को बताया।

### सुरगी में मनाया गया संविधान दिवस

**राजनांदगांव।** ग्राम सुरगी में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को संविधान के निर्माण



से लेकर संविधान संशोधन, विभिन्न धाराओं के बारे में संस्था के व्याख्याता सुशील नारायण शर्मा और वीरेंद्र टेम्भुरकर द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर शा.उ.मा. शाला सुरगी के अंग्रेजी के व्याख्याता किरण साहू ने अंग्रेजी में और सुशील शर्मा ने हिन्दी में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर बच्चों को शपथ दिलाया। गीतांजलि साहू व्याख्याता और चारुलता भौतमांगे और कृषि शिक्षक पंकज चंदेल ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य एनके साहू ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्राचार्य एनके साहू, व्याख्याता योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा, वंदना देवांगन, चारुलता भौतमांगे, हेमलता साहू, स्मिता मिश्रा, किरण साहू, गीतांजलि साहू, चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा, अरुणा साहू, देवेंद्र मंडावी, बलराम आर्य, शिवम झा, पंकज चंदेल, क्षत्रपाल देशमुख, देवेंद्र साहू आदि शिक्षक और व्याख्यातागण उपस्थित थे।


### साइंस कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 26 नवंबर को रासेयो इकाई व राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह के मार्गदर्शन में मनाया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाते कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था, इसे 26 नवंबर 1949 को ही संविधान सभा द्वारा अंगीकार कर लिया गया था, इसलिए 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि संविधान दिवस के दिन को संविधान के निर्माता के रूप में डॉ. अम्बेडकर को याद किया जाता है, जिन्होंने दुनिया के सभी संविधानों को परखने के बाद भारतीय संविधान के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा संविधान तैयार किया। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि संविधान दिवस मनाने के पीछे यही उद्देश्य है कि देश के नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करना, समाज में संविधान का प्रचार करना व डॉ. अम्बेडकर के योगदान को स्मरण करना है। राजनीति विभाग से थानेश्वरी देशमुख ने कहा कि भारत का संविधान ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो देश के हर नागरिक को समान अधिकार देता है।

## निधन

### विवेक चौथवानी



**राजनांदगांव।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अनुपम नगर निवासी विवेक चौथवानी का आकस्मिक निधन हो गया। विवेक मेडिकल से जुड़े होने के कारण वे सामाजिक और चिकित्सकीय क्षेत्र में एक जाना-पहचाना नाम था। वे अनिल चौथवानी के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा 28 नवंबर को निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। उनके असामयिक निधन से शोक व्याप्त है।

### फिरंता दास साहू



**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंड्री निवासी प्रतिष्ठित नागरिक फिरंता दास साहू का गुरुवार शाम को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे और संत कबीर आश्रम से जुड़े थे। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को उनके निवास से मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। वे अपने पीछे दो पुत्र फलेश कुमार व गंगा प्रसाद एवं पुत्री दिलेश्वरी साहू समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### दामोदर शर्मा



**घुमका।** पूर्व सरपंच एवं किसान नेता दामोदर शर्मा का निधन बुधवार को हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वह दीपक शर्मा, दानेश्वर शर्मा, किशोर शर्मा, शोभा, राजू के पिता थे। उनके निधन पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शोक व्यक्त किया है।

# अमृत 02 में शहर को मिली 147 करोड़ रुपए की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिशन अमृत 2.0 के लिए शहर को 147 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। मिशन अमृत के लिए चयनित शहरों में राजनांदगांव को शामिल किया गया है। इस योजना के क्रियान्वयन से सिंचाई सुविधाओं को बढ़ावा मिलने के साथ ही जल संरक्षण की दिशा में यह योजना बेहतर साबित होगी।

केंद्रीय योजना के तहत राजनांदगांव को सौगात देने के लिए केंद्र के मोदी सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी मिशन अमृत के तहत राजनांदगांव को बड़ी सौगात देते यहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए मंजूरी दी है। इस योजना के क्रियान्वयन से शहर में दो जगह पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार होगा।

## मिशन अमृत के लिए राजनांदगांव शहर का चयन

### एक बार फिर शामिल हुआ नांदगांव

केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 में राजनांदगांव शहर को मिशन अमृत में शामिल किया था। एक बार फिर केन्द्र सरकार ने केंद्रीय योजना मिशन अमृत 2.0 में भी राजनांदगांव को शामिल किया है।



### ट्रीटमेंट प्लांट होगा तैयार

मिशन अमृत 2.0 योजना के तहत 147 करोड़ रुपए की लागत से पार्रीनाला में 15 एलएलडी का सीवरेज ट्रीटमंट प्लांट तैयार किया जाएगा। इसके लिए गठुला नाला के पास स्टॉप डेम के माध्यम से ड्रेनेज का पानी रोककर पार्री तक पाईप लाइन बिछाई जाएगी। इसी तरह से मोहारा में भी 26 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा।

### सिंचाई के लिए मिलेगी सुविधा

योजना से तैयार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में शहर से निकलने वाले गंदे पानी का शुद्धिकरण किया जाएगा। जिसके बाद इस पानी का इस्तेमाल सिंचाई सहित अन्य प्रायोजनों हेतु किया जा सकेगा। जिससे जल संरक्षण भी होगा।

राजनांदगांव शहर को इस योजना की सौगात देने के लिए नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे का आभार जताते कहा कि इनकी अनुशंसा पर यह सौगात मिली है।

## कांग्रेस ने दिया धरना, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# 50 फीसदी बारदाना किसानों से लेने के आदेश से पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के निर्देशन एवं नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के सभी 27 धान खरीदी केंद्रों में किसानों की समस्या के समाधान हेतु सरकार को अवगत कराने धरना प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि उपार्जन केंद्रों में धान बिक्री के दौरान किसानों हेतु समुचित व्यवस्था, बारदाना की कमी पर समुचित व्यवस्था तथा समर्थन मूल्य सहित एकमुश्त राशि एवं 3217 रुपए में धान खरीदी हेतु समस्त केंद्रों में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का केवल ढोंग करती है। यहां सरकार के गलत नीति के कारण बारदाना के लिए किसान पहले औने-पौने दाम में व्यापारियों को धान बेच रहे हैं, फिर उसी राशि का अधिक दर में बारदाना खरीद रही है। सरकार किसानों के ऊपर आर्थिक भार का बोझ डालने का कार्य कर रही है।



### कलेक्टर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

विधायक ने उपार्जन केंद्रों में बारदाना की कमी पर कलेक्टर से दूरभाष में जानकारी लिया तथा व्यापारियों के पास खुले में हजारों गठान बारदाना के संबंध में चर्चा किया, जिस पर कलेक्टर ने तुरंत नोटिस जारी कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोहला डॉ. हेमेंद्र भुआर्य को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### किसानों को ठग रही सरकार

विधायक मंडावी ने सरकार को घेरते कहा कि सरकार 3100 रुपए में धान खरीदी तथा एकमुश्त राशि वितरण का दावा करती रही है, किन्तु किसानों को ठग रही है। कांग्रेस पार्टी ने वादानुसार 2500 रुपए में धान खरीदी किया। साथ ही समर्थन मूल्य बढ़ने पर 2640 एवं 2660 रुपए धान का खरीदी किया गया है, इसलिए सरकार को 3217 रुपए में धान खरीदी करना चाहिए। भाजपा सरकार ने 72 घंटे में उपार्जन केंद्रों से धान उठाव की मियाद को भी घटा दिया है।

### धान खरीदी केंद्रों का विधायक ने किया दौरा

विधायक इंद्रशाह मंडावी ने धान खरीदी केंद्र मटेवा, गोटाटोला, खरदी, पुत्तरगोंदी कला तथा मोहला में किसानों को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि सरकार पूरी खरीदी के दौरान बारदाना देने की बात कही थी, परंतु धान खरीदी के शुरूआत में ही किसानों को ठगना शुरू कर चुकी है। व्यापारियों के दुकानों के सामने हजारों की संख्या में बारदाना बेचने के लिए पड़ा है और सरकार किसानों को केवल 50 प्रतिशत उपलब्ध करा पा रही है। विधायक ने कहा कि किसानो के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### व्यापारी हितैषी भाजपा सरकार का कारनामा

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता देवानंद कौशिक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार केवल खोखले दावे के दम पर सरकार बनाई है। सरकार बने 10 महीने बीत पाए हैं और किसानों के साथ अन्याय शुरू हो गया है। किसानों को 50 प्रतिशत स्वयं के बरदाना से धान बेचने का तुगलकी फरमान ग्राम पंचायतों में कोटवार मुनियादी के माध्यम से कराया जा रहा है।

# 20 हजार की ट्राइसिकल की 50 हजार रुपए में सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा स्वच्छ भारत मिशन में व्यापक पैमाने पर भ्रष्ट्राचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बमुश्किल 20 हजार के ट्राइसिकल पर 50 हजार से अधिक की राशि भुगतान करने का दबाव बनाकर राशि आहरण करने की धमकी दे रहे हैं, जो सरपंच इस अवैध काम में शामिल नहीं हो रहे हैं, उन्हें मामलों में फंसाने का, लोकतंत्र को कलंकित करने का खेल खेल रहे हैं, क्योंकि इसमें विभाग के अधिकारी भी भाजपाइयों के साथ शामिल हैं।



प्रवक्ता दुबे ने बताया कि डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपए की राशि प्रदान ना कर सीधे राशि का बंदरबांट कर दिया गया था और अपने इस अवैध कार्य को छिपाने तत्कालीन राज्य सरकार के अधिकारियों ने सरपंचों के माध्यम से शौचालय निर्माण करवाकर बड़ा भ्रष्टाचार का खेल खेला था।

उन्होंने कहा कि दस्तावेजी शिकायत के बाद भी सांसद जांच तक कराने से कतरा रहे हैं। जिससे हितग्राहियों का अहित हो रहा है। योजना के प्रावधानों के विपरीत सरपंचों पर धारा 40 की कार्रवाई कराकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम किए थे। अब उसी तर्ज पर फिर से छग की भाजपा सरकार स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत ट्राइसिकल खरीदी का खेल चालू कर दिए हैं। यदि स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत ट्राइसिकल की आवश्यकता होगी तो संबंधित ग्राम पंचायत प्रस्ताव पारित कर खरीदी करने फर्म से कोटेशन लेकर क्रय करने स्वतंत्र होगा, लेकिन सीधे भाजपा नेताओं के इशारे पर बिना ग्राम पंचायत के मांग या बिना प्रस्ताव के मापदंड के विपरीत घटिया ट्राइसिकल भेज कर लागत से अधिक राशि आहरण कर सीधे शासकीय कोष में डाका डालने का काम किया जा रहा है।

अवसरवादी नेताओं के ऐसे कार्य में जिला पंचायत जनपद के अधिकारियों की भी मिलीभगत गंभीर आर्थिक अपराध की श्रेणी में आने वाला कृत्य है, क्योंकि राशि भेजने के बाद भाजपा के नेतागण सरपंचों पर दबाव बनाकर राशि आहरण कर सीधे-सीधे अवैध उगाही में लगे हुए हैं। जिसके चलते जिलेभर के सरपंच हलाकान व परेशान हैं।

### भाजपा के बूथ स्तरीय चुनाव प्रारंभ

**राजनांदगांव।** भाजपा के संगठन महापर्व के तहत प्राथमिक सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता अभियान अब लगभग पूर्णता की ओर है। अगले चरण संगठन चुनाव की दिशा में आगे बढ़ रही है। सबसे पहले मतदान केन्द्रों की स्थानीय समिति का चुनाव होगा। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार जिला भाजपा उपाध्यक्ष व राजनांदगांव ग्रामीण मंडल के चुनाव अधिकारी सावन वर्मा ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में 25 सदस्यीय समिति का चुनाव किया जाएगा। श्री वर्मा ने बताया कि बूथ स्तरीय चुनाव प्रारंभ हो गया है तथा राजनांदगांव ग्रामीण मंडल में कुल 100 मतदान केंद्र हैं। जिनमें चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इन चुनाव में मंडल चुनाव प्रभारी के अलावा शक्ति केंद्र स्तर पर चुनाव कराने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ताओं को भी दी गई है, जिन्हें 30 नवंबर तक मतदान केन्द्रों के चुनाव संपन्न कराने कहा गया है।

# बर्फानी आश्रम के पास शराब दुकान खोले जाने का विरोध

**राजनांदगांव।** धार्मिक स्थल मां पाताल भैरवी (बर्फानी आश्रम) के निकट प्रस्तावित शराब भट्ठी खोले जाने का विरोध पार्षद गगन आईच के नेतृत्व में वार्डवासियों ने किया है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मां पाताल भैरवी मंदिर एक धार्मिक आस्था का केंद्र होने के कारण और इसकी बहुत अधिक धार्मिक मान्यता है। सिर्फ जिले और प्रदेश में ही नहीं अपितु पड़ोसी राज्यों तक भी इस आस्था की गूंज है। उक्त धार्मिक स्थल ही नहीं अपितु आसपास का संपूर्ण क्षेत्र धार्मिक आस्था से ओतप्रोत रहता है और एक प्रकार से एक कॉरिडोर का स्वरूप लेता जा रहा है। भावी भविष्य में इस समूचे क्षेत्र की पूरी तरह से धार्मिक कॉरिडोर के रूप में विकसित होने की संभावना है। उक्त क्षेत्र या उसके आसपास शराब दुकान का खोला जाना कहीं से भी उचित नहीं है। एक तरफ धार्मिक आस्था में डूबे श्रद्धालु और दूसरी तरफ उन्माद में झूमते शराबी यह दृश्य एक अपने आप में विचारणीय है। अगर वार्डवासियों की आंखों में धूल झोंककर या उन्हें धोखे में रखकर शराब दुकान खोली जाती है तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा।

## बूथ कमेटी का गठन 30 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान के पश्चात बूथ कमेटी गठन 15 से 30 नवंबर तक करनी है। जिसके तहत भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला चुनाव अधिकारी संतोष अग्रवाल, मंडल प्रभारी सावन वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर के नेतृत्व में टेडेसरा शक्ति केंद्र के ग्राम टेड़ेसरा में बूथ कमेटी का गठन किया गया।

जिसमें बूथ क्रमांक 214 में फूलकिशोर चौधरी, बूथ क्र. 215 में अवधेश मिश्रा, बूथ क्र. 216 में श्यामलाल गुप्ता और बूथ क्र. 217 में जगदेव साहू बूथ कमेटी के नवीन अध्यक्ष चुने गए। सभी नए अध्यक्षों को चुनाव अधिकारी मनोज साहू (मंडल महामंत्री) ने निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया। साथ में बूथ कमेटी के कुल 12 सदस्यों का निर्वाचन भी किया गया।

बूथ कमेटी निर्वाचन में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र के प्रभारी खिलेश्वर साहू, संयोजक संदीप साहू, सह-संयोजक अजय साहू, हेंमदीप साहू, प्रमुख रूप से शिबू यादव, शैलेंद्र साहू, सत्रोहन मानिकपुरी और संध्या पांडे सहित बूथ कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# भारत की आत्मा है संविधानः बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस पर दोपहर 01 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।



समारोह के मुख्य अतिथि व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है। संविधान के अनुसार ही देश संचालित होता है और प्रगति पथ पर अग्रसर भी हो रहा है। अक्सर यह देखने को आता है कि लोग संविधान में प्रदत्त अधिकारों के प्रति जो जागरूक रहते हैं, किन्तु जब नागरिक कर्तव्य की बात आती है तो उदासीन हो जाते है। हमें इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि जैसे हम अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं, वैसे ही नागरिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहे तो देश को दुनिया का महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री बघेल ने कहा कि संविधान के अनुसार ही देश कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहा है, किन्तु कुछ लोग संविधान का खतरा बताकर अपने निहित राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति में लगे हैं। ये तत्व इस खतरे का हौवा खड़ा कर देश के विकास में बाधक बने हुए है। श्री बघेल ने कहा कि विपक्षी पार्टी का एक बड़ा नेता जो शायद संविधान पढ़ा भी नहीं है, वह संविधान की किताब लिए घूम रहा है। ऐसे लोगों से आज के इस मौके पर सतर्क रहने की जरूरत है। प्रारंभ में बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई, फिर जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रविन्द्र रामटेके ने स्वागत भाषण पढ़ा। गोष्ठी को जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रविन्द्र वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन सावन वर्मा ने किया।

## वार्डों में 30 से पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 20 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक सुबह 11.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 30 नवंबर को वार्ड नं. 50 के लिए सार्वजनिक मंच गौठान सिंगदई व वार्ड नं. 51 के लिए सामुदायिक भवन हरदी, 2 दिसंबर को वार्ड नं. 42 के लिए पार्षद कार्यालय राजीव नगर, वार्ड नं. 43 के लिए आंगनबाड़ी भवन फिरंतीन मंदिर के पास बसंतपुर, व वार्ड नं. 46 के लिए सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर एवं 3 दिसंबर को वार्ड नं. 40 व 48 के लिए सामुदायिक भवन नंदई नाका तथा वार्ड नं. 41 के लिए सामुदायिक भवन झुलेलाल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।









हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE

## Freedom RAIPUR RUN

# 1 DEC 2024

10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Time : 6.00 AM (Morning)

## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



मान. टंकराम वर्मा
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




मान. पुरंदर मिश्रा
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



मान. एजाज ढेबर
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



मान. प्रमोद दुबे
सभापति
नगर निगम, रायपुर

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि



मान. किरण देव
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



मान. दीपक बैज
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



मान. गुरु खुशवंत साहेब
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



मान. विक्रम सिंह सिसोदिया
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

Title Sponsor — Freedom Refined Sunflower Oil
Prayer Partner — परिमल भारतवासी अगरबत्ती
Associate Sponsors — CONCRETE TMT & PIPES (मजबूती ही हमारा विश्वास है), IB GROUP, ABIS, RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION, R1
Health Partner — SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION
Outdoor Partner — ASA ADVERTISING AGENCY
RAMA TMT BARS ANDAR SE ATOOT
Vachan Great Taste. Enriched Life
IFFCO
निजात — नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां। रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

(BIB Distribution on 30th Nov.)
Venue - Haribhoomi Office, Raipur
Time - 11 AM. to 4 PM.
Only Registered Participants for BIB*

कृषि कार्य : ग्रामीण कृषक दोगुनी आमदनी अर्जित कर रहें

# क्षेत्र के ग्रामीण किसान गर्मी धान फसल की पैदावार में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर व ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण किसानों द्वारा धान फसल की कटाई व मिजाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में धान फसल की कटाई-मिजाई करने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र के किसानों द्वारा फिर गर्मी धान फसल की पैदावार में जुट चुके है। जिसमें ग्राम बरबसपुर निवासी किसान बिसमत नारंग, जेवडन खुर्द निवासी महेश चंद्रवंशी ने बताया की धान फसल की कटाई करने के बाद पुनः दोबारा गर्मी धान फसल की पैदावार करने लगे हुए है वहीं खेतों में धान की अंकुरित बीज को बो रहे हैं, ताकि गर्मी के समय में धान की फसल अच्छी पैदावार हो सके। जिसकी तैयारियों क्षेत्र के किसान बोर-मोटर पम्प साधन वाले किसान द्वारा खेतों की सिंचाई कर हल चलाकर तथा कोपर के माध्यम से धान फसल को अंकुरित कर खेतों में बोआई करने जुटे हुए है ताकि गर्मी के समय में धान की फसल की पैदावार हो सके। ग्रामीण किसानों ने बताया कि जिस तरह बरसात के दिनों धान की रोपाई किया जाता है लेकिन धान की कटाई अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर में होता है और धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य में बेचा जाता है इस तरह गर्मी के दिनों में भी धान की फसलों को समर्थन मूल्य में खरीदना चाहिए ताकि किसानों की दोगुना आमदनी हो सके।

### दलहन-तिलहन के साथ गर्मी धान फसल की खेती जोरों पर



जिले में किसानों ने गर्मी के लिए धान की फसल लगाने की तैयारी शुरू कर दी है, जिले के बड़े रकबे में किसान हर वर्ष गर्मी में धान की फसल लेते हैं, क्योंकि हर वर्ष किसान मोटर बोर पंप के माध्यम से धान फसल में सिंचाई कर बोआई कार्य जोरों पर है। शहर सहित क्षेत्र में धान फसल कटाई के बाद खरीदी में देरी होने से गर्मी धान फसल की बोनी में साथ ही साथ जिले में खरीफ धान फसल कटाई के बाद किसान दलहन-तिलहन फसल लेते थे, लेकिन इस वर्ष क्षेत्र के अधिकांश किसान गर्मी धान फसल की बोआई जुताई शुरू कर दी है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आधुनिक युग में किसानों का कृषि कार्य में सहुलियत व साधन के लिए नए नए आधुनिक मशीन होने से कृषि कार्य में तेजी व ग्रामीण किसानों को राहत मिली है। साथ ही साथ कृषि के क्षेत्र में आधुनिक व तेजी आई है।

# राज्यपाल रमेन डेका ने आंवला का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



राज्यपाल रमेन डेका गुरूवार को कवर्धा प्रवास पर रहे, उन्होंने कलेक्टर सभाकक्ष में समस्त विभागाध्यक्षों की समीक्षा बैठक ली गई। कलेक्टर कार्यालय कवर्धा में राज्यपाल रमेन डेका के समीक्षा बैठक के पश्चात कलेक्टर एवं वनमंडलाधिकारी, द्वारा भोरमदेव अभ्यारण्य में संपन्न हुए तितली तिहार कार्यक्रम में विमोचित काफी टेबल बुक प्रकृति और आस्था का संगम फोर फोल्ड बुक प्रकृति और तितलियों का संगम एवं तितली बैच ससम्मान भेंट किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा कलेक्टर कार्यालय परिसर में आंवला पौधा रोपण किया गया साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील भी की। अवसर पर सोनमणी बोरा, राज्यपाल के अवर सचिव सुश्री अर्चना पांडेय, एडीसी सुनील शर्मा, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, शशि कुमार, अजय त्रिपाठी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गौ-सेवक आयोग अध्यक्ष बनने पर विशेषर पटेल को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कंझेटा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशेषर पटेल को गौ-सेवक आयोग के दूसरी बार अध्यक्ष बनाने पर निज निवास पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भेंट-मुलाकात कर चर्चा साथ ही साथ बधाई प्रेषित की। वहीं ग्राम कंझेटा सहित आसपास क्षेत्र में विशेषर पटेल को गौ-सेवक आयोग अध्यक्ष बनने पर क्षेत्रवासियों में भारी खुशी व्याप्त है। जिस पर नंदकिशोर यादव, मुनी चंद्रवंशी, नंद चंद्रवंशी, भुलाऊ चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी, भाजयुमो जिला कार्यकारणी सदस्य व कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी।

### -: नामांतरण सूचना:-

क्रमांक/4556/राज.वि./न.पा./2024-25
कवर्धा, दिनांक 25/11/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद अधिनस्थ बस स्टैण्ड कॉम्पलेक्स दुकान क्रं. 20 श्री आनंद देवांगन आ. भागवत लाल के नाम पर दर्ज है, उक्त दुकान को संबंधित के द्वारा विक्रय कर श्री रामजी देवांगन आ. कांशीराम देवांगन कवर्धा के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्राप्त आवेदन पर परिषद की विशेष सम्मेलन दिनांक 10.10.2024 प्रस्ताव / संकल्प क्र. 29 के अनुसार संबंधित को अनापत्ति जारी उपरांत सूचना प्रकाशन किया जा रहा है, इस संबंध मे किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण-पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के पश्चात या बिना प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कवर्धा**

# धनेली में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैम्प का आयोजन क्षेत्र के 56 से अधिक ग्रामीणजन हुए लाभान्वित

- निःशुल्क लैब शिविर में 20 से भी अधिक गंभीर व सामान्य बीमारियों की परीक्षण सुविधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा मोबाइल हेल्थ पैथलैब संचालित है जो गांव-गांव एवं हॉट बाजार में कैम्प लगाकर लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर ग्रामीणों की सेवा कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को विधानसभा पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत धनेली में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प मोबाइल पैथ लैब के माध्यम से 56 से भी अधिक ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

जिसमें विधायक भावना द्वारा संचालित मोबाइल पैथलैब के माध्यम से पंडरिया विधानसभा सहित कबीरधाम जिले के आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन लाभान्वित हुए। इस निःशुल्क लैब शिविर में 20 से भी अधिक प्रकार के गंभीर एवं सामान्य बीमारियों की परीक्षण की सुविधा उपलब्ध विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा मोबाइल हेल्थ पैथलैब के साथ विधानसभा अंतर्गत सभी मंडलों में निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा संचालित है, इस शिविर कैम्प में मुख्यरूप से कपिल चंद्राकर, दिनेश साहू, धनीराम साहू, रज्जू चंद्राकर, श्रवण साहू, महासिंह चौहान, रामसेवक चंद्राकर एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें

# खड़ौदा खुर्द में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



भाजपा शासन काल में सबका साथ सबका विकास सिद्धांत के अनुरूप ग्राम पंचायत खड़ौदा खुर्द में 15 लाख रूपए की अधिक विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन गुरूवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम खड़ौदा खुर्द में खाद्य गोदाम भवन, रंगमंच और मुक्तिधाम निर्माण कार्य सम्मिलित है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील साहू, मुख्य अतिथि रामसिंह ठाकुर, लखनलाल साहू, राजेश्वर साहू, उदेराम साहू, उतरेश साहू, लोकनाथ साहू, भागीरथी साहू एवं गणमान्य नागरिक गण तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थे। सुनील साहू ने अपने उद्बोधन में भाजपा शासन के विकास कार्यों और उनके विभिन्न योजनाओं और नीतियों के बारे विस्तार से परिचर्चा कर ग्रामवासियों को अवगत कराया गया। जिससे अधिकाधिक लोगों तक सुशासन के नीति और विकास कार्यों का लाभ ग्रामवासियों तक पहुंचाया जा रहा है।

# खैरवार में आयुष ग्राम शिविर व जन-जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी कबीरधाम डॉ लीना तिवारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत शासन की अत्यंत महत्वकांक्षी आयुष ग्राम योजना अंतर्गत आयुष ग्राम मरका में पदस्थ डॉ बॉबी चंद्रवंशी (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) द्वारा वृहद त्रैमासिक स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता आयुष ग्राम शिविर का आयोजन ग्राम खैरवार मे किया गया। इस शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर किया गया, जिसमें ग्राम सरपंच, पंच एवं ग्राम के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। इस आयुष शिविर में 175 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि प्रदान कर किया गया। आयुष ग्राम के सन्दर्भ में ग्रामीणों को विशेष जानकारी दी गई एवं आयुर्वेद अनुसार ऋतुचर्या, दिनचर्या पालन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले औषधीय पौधो के प्रयोग की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच की गई एवं रोगानुसार औषधि व आहार-विहार की जानकारी दी गई। वहीं ग्रामीणों को काढ़ा वितरण किया गया साथ ही साथ योग प्राणायाम आदि अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में डॉ गिरीश साहू, चैतराम टंडन, चुनकेश्वर सिंह मरकाम, आशीष कुमार ध्रुर्वे का विशेष योगदान रहा।

### कुण्डा सोसायटी में राजेंद्र खनूजा ने किया कार्यभार ग्रहण



**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अनुशंसा पर विधानसभा 71 पंडरिया के विभिन्न सोसायटियों में अध्यक्षों का चयन किया गया, जिसमें उप तहसील कुण्डा के सोसायटी अध्यक्ष पद पर चयनित अमन खनूजा द्वारा विगत दिनों कार्यभार ग्रहण उपरांत भव्य कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम के साक्षी बनाकर उनके आशीर्वाद से अध्यक्ष पद के लिए कार्यभार ग्रहण किया। जिसमें कुण्डा सोसायटी के किसान बंधु, पंचायत प्रतिनिधिगण कुण्डा मंडल के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भाजपा युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता साथ ही साथ क्षेत्र के समस्त चयनित समिति अध्यक्ष एवं भाजपा के सदस्य गण एवं कुण्डा समिति के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता के तैलचित्र पर धूप व दीप प्रज्जवलित कर पुष्प माला के साथ किया गया, वहीं अमन-राजेंद्र खनूजा द्वारा आगंतुक अतिथियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। जिस पर अमन खनूजा ने विधायक भावना बोहरा व भाजपा संगठन एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का सफल संचालन हायर सेकेंडरी स्कूल कुण्डा शिक्षक कलीराम चंद्राकर ने किया।

### राज्यपाल ने पीएम योजना के हितग्राही को किया सम्मानित



**हरिभूमि कवर्धा।** राज्यपाल रमेन डेका ने कवर्धा प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में प्रधानमंत्री जनमन योजना के हितग्राही बुधे लाल बैगा को आमंत्रित कर नारियल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। हितग्राही जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बहुल ग्राम सिंघनपूरी हाथी डोब ( धन डबरा) निवासी इस अवसर पर आदिमजाति विकास विभाग के सचिव सोनमणी बोरा, राज्यपाल के अवर सचिव सुश्री अर्चना पांडेय, एडीसी सुनील शर्मा, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी उपस्थित थे।

# महाविद्यालय को ग्रीन कैंपस बनाने किया संघन पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

महंत श्रीराम जानकी शरण दास वैष्णव शासकीय महाविद्यालय पिपरिया परिषर में विभिन्न प्रजाति के लगभग 500 वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा स्वैच्छिक धनराशि देकर इसका उपयोग नए पौधे लाने हेतु किया गया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास ने विद्यार्थियों को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि आज का वृक्षारोपण कल का स्वच्छ वातावरण है एवं स्वयं विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण किए। वहीं रेडक्रास कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि पेड़ प्रकृति के अनमोल रत्न हैं। वे हमें जीवनदायी ऑक्सीजन देते हैं, पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बृजभूषण वर्मा ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी स्वयंसेवकों की विशेष भूमिका रही। समस्त प्राध्यापकों ने अपने दल के साथ वृक्षारोपण किया। जिनमें डॉ दिनेश टंडन, डॉ ममता दुबे, सुश्री लींना झारिया, नंदनी टंडन, दान दिवाकर, श्रद्धा चंद्रवंशी, आराधना सेन, अभिजीत केशरवानी, सीआर साहू, लव वर्मा, डॉ सरस्वती राठौर, सुमन, कामेश्वरी, अराधना, विकास झारिया, गीतेश्वर साहू, भूपेंद्र गोयल, चंद्रप्रकाश सोनी, जेपी साहू, जीवन सिंह मरकाम एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

उपमुख्यमंत्री की घोषणाओं पर तेजी से हो रहा अमलः वीरेन्द्र साहू

# मिरमिट्टी व दुव्हा में किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते जिले में लगातार विकास एवं निर्माण स्वीकृत किए जा रहे है। जिससे गांव-गांव में विकास की गंगा बह रही है, कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्रवासियों की मांग और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम मिरमिट्टी व आश्रित ग्राम दुव्हा में स्वीकृत विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

इस भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू मुख्य आतिथ्य के रूप में उपस्थित थे उन्होने विधिवत पूजा अर्चना पश्चात दोनो ही ग्रामों में करीब 26.72 लाख रूपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड तथा नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा वीरेन्द्र साहू ने कहा कि कवर्धा जनपद क्षेत्र का लगातार विकास किया जा रहा है, कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य रूके पड़े थे, उन्हें अब तेजी से पूरा किया जा रहा है। श्री साहू ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए कटिबद्ध है।

उन्होने महज नौ माह के भीतर ही कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में छोटे-बड़े करोड़ों के विकास एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदेश के मुख्यमंत्री के सहयोग से कराए हैं। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में दिनेश चंद्रवंशी, सुनील साहू, खेमराज साहू, श्रीमती राजकुमारी साहू, नागेश्वरी कौशिक, कुमार नाथ योगी, अशोक साहू, बालाराम साहू, अश्वन साहू, झम्मन साहू, छोटूराम सिन्हा, मुकेश नाथ योगी, रामकुमार साहू, हरिचंद सरहा, हरिचंद, कलाराम साहू, तीरथ साहू व कुलदीप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024



# एक्शन में सीएसईबी: बकाया वसूलने 373 कनेक्शन कटे, सवा करोड़ की रिकवरी

**निजी और सरकारी विभागों को मिलाकर 27 करोड़ रुपए बकाया, अब चलेगा वसूली अभियान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

अपना करोड़ों रुपए का बकाया वसूलने के लिए अब बिजली विभाग ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। पिछले पंद्रह दिनों के दौरान ही शहर में विभाग ने भुगतान नहीं करने वाले 373 कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की है।

विभाग के एक्शन में आते ही बकायेदारों ने भी राशि जमा करना शुरू कर दिया है। पखवाड़ेभर में करीब सवा करोड़ रुपए की राशि विभागीय खाते में जमा हुई है। बिजली विभाग में कार्यपालन अभियंता रविंद्र गोस्वामी से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। निजी कनेक्शन के साथ ही सरकारी दफ्तरों के भी लंबित बिल की राशि को वसूलने अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर ली है, जो तीन या इससे अधिक महीने से बिल भुगतान नहीं कर रहे हैं। वहीं जिनका एक हजार से अधिक का भुगतान शेष है। इसके अलावा जिलेभर में बिजली संबंधित एवं बिजली चोरी की शिकायतों को लेकर भी सजग होकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

### डेढ़ हजार ने जमा की राशि

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वसूली अभियान के तहत जिले में कुल 46 लाख 33 हजार की बकाया राशि वसूली की गई है। वहीं विभाग के एक्शन में आते ही 1527 उपभोक्ताओं ने भी अपना बकाया बिल का पैसा जमा कर दिया है। विभाग को पिछले एक पखवाड़े में ही एक करोड़ 25 लाख रूपए की राशि प्राप्त हुई है। विभाग ऐसे लोगों के खिलाफ एक्शन ले रहा है। जिनका एक हजार से अधिक का बिल बकाया है।



### सरकारी दफ्तरों में भी नोटिस

निजी कनेक्शनों के साथ ही सरकारी दफ्तरों का भी करोड़ों रुपए का बिल बकाया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में सभी सरकारी विभागों को मिलाकर करीबन 20 करोड़ का बिल भुगतान बाकी है। ऐसे में संबंधित विभागों को नोटिस भी जारी की जा रही है। इसके अलावा निजी कनेक्शनों का करीबन सात करोड़ रुपए का बिल बकाया है। जिसको वसूलने अभियान जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** झाड़ काटने मजदूरी की बात पर विवाद करते टंगिया से प्रार्थी पर हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 नवंबर को प्रार्थी का पिता दयाराम साहू गांव के मजदूर अगरदास साहू को साथ में पेड़ काटने के लिए दिखाने तेलहा खार ले गया था। एक दिन पहले भी पेड़ काटने गया था। जिसमें से एक पेड़ छूट गया था। उसी को दिखाने काटने मजदूरी की बात पर विवाद हो गया था। विवाद होने से आहत दयाराम साहू से झगड़ा-विवाद कर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे टंगिया से सिर, दाहिने गाल, कान के नीचे प्राणघातक वारकर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल ग्राम भाठागांव रवाना किया गया। सूचना पर आरोपी को गांव के बाहरी खार मे छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल दबिश देकर आरोपी को खार में घेराबंदी कर पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी अगरदास साहू 50 साल साकिन भाठागांव द्वारा अपराध करना स्वीकार किया।

घटना में प्रयुक्त लोहे का टंगिया को जब्त कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेश के अनुसार जेल दाखिल किया गया।

## माए एंगल




### खैरागढ़ जिले में 4440 क्विंटल धान का उठाव, अब तक 5060 क्विंटल उठा


# परिवहन की सुस्त शुरूआत, पहले दिन उठा सिर्फ 1440 क्विंटल धान

**जाम से निपटने के लिए धान के परिवहन में तेजी की जरूरत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिलर्स के असहयोग आंदोलन से निर्मित हुई जाम की स्थिति से निपटने के लिए अब प्रशासन ने ही उठाव कराना शुरू कर दिया है। गुरुवार को इसकी शुरूआत भी कर दी गई है। पहले दिन जिले के 96 केंद्रों से 1440 क्विंटल धान का उठाव कर संग्रहण केंद्रों में पहुंचाया गया है। स्थिति को ध्यान में रखते यह कहा जा सकता है कि शुरूआत सुस्त रफ्तार से हुई है। हालांकि आज से इस गति में और तेजी आने की बातें कही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मिलर्स द्वारा परिवहन नहीं करने के चलते जाम से बचने के लिए प्रशासन ने बीते दिनों जैम पोर्टल के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया की है। इस प्रक्रिया के तहत उपार्जन केंद्रों से धान उठाकर जिले में स्थित चार संग्रहण केंद्रों में डंप किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में 1440 क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 4440 क्विंटल धान का उठाव गुरुवार को किया गया है। वहीं समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रों से तेज गति से उठाव नहीं हुआ तो भी खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित होगी।



### 20 फीसदी किसानों ने बेचा धान, 80% शेष

सभी जिलों में धान की आवक भी तेज है। धान बेचने वाले किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। राजनांदगांव जिले में अब तक 29349 किसानों से 14.25 लाख क्विंटल खरीदी हो चुकी है। खैरागढ़ जिले में 14476 किसानों से 7.76 लाख क्विंटल, मोहला-मानपुर जिले में 6802 किसानों से 3.30 लाख क्विंटल और कवर्धा जिले में 19193 किसानों से 9.23 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है।


### 9 दिसंबर का मिल रहा टोकन

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में आगामी 6 दिसंबर तक टोकन बुक हो चुके हैं। इनमें 95 फीसदी से अधिक टोकन किसानों द्वारा ऑनलाइन ही लिए गए हैं। यही कारण है कि अब ऑनलाइन टोकन की सीमा तय करने के लिए इसका हिस्सा 60 फीसदी तक कर दिया गया है। 9 दिसंबर या इसके बाद की खरीदी में अधिकतम 60 फीसदी टोकन ही ऑनलाइन लिए जा सकेंगे।

### 124 केंद्र में जाम के हालत

14 नवंबर से शुरू हुई सरकारी धान खरीदी में अब तक सही रफ्तार से उठाव नहीं हो पाया है। ऐसे में राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर सहित खैरागढ़ जिले को मिलाकर कुल 124 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक केंद्र ऐसे हैं, जहां अगले 48 घंटे में बफर लिमिट पार हो जाएगी। ऐसे में सभी समितियों में खरीदी की रफ्तार भी प्रभावित हुई है।

# वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर जा रहे दो लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे फिसलकर दूर जा गिरे। इस घटना में दो लोगों की मौत हुई है। दोनों मृतक शहर के मोहारा इलाके के निवासी हैं।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहारा इलाके के निवासी राजू खोब्रागढ़े उम्र लगभग 47 वर्ष एवं युवराज यादव 21 वर्ष मोहारा बजरंग नगर बीती रात किसी काम से डोंगरगढ़ की ओर जाने के लिए बाइक में सवार होकर निकले थे। वे रात लगभग 8 बजे ग्राम मुड़पार पुल के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। बताया गया कि उक्त बाइक सवार पुल के ढलान के पास बुरी तरह से गिर गए। जिससे उन्हें गंभीर चोंटे आई थी। इधर घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर डोंगरगढ़ पुलिस पहुंची, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### मोहारा के निवासी

पुलिस के अनुसार उक्त बाइक में सवार एक युवक हेलमेट भी पहने हुए था। दुर्घटना में हेलमेट टूट गया था। वहीं बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक का सामने का पहिया टूटकर अलग हो गया था। डोंगरगढ़ पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। घटना की जानकारी होने पर सुबह मृतकों के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। इस घटना की खबर से मोहारा क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

# पीड़िता को धमकी देकर मोबाइल चोरी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महिला को मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले एवं उसके मोबाइल को चोरी कर ले जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 नवंबर को प्रार्थिया ने थाना आकर एक लिखित शिकायत आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीबन एक साल पूर्व रिश्तेदारों के शादी कार्यक्रम के दौरान हुए जान-पहचान का फायदा उठाते हुए बातचीत के दौरान आरोपी द्वारा पीड़ति को अवैध संबंध बनाने की बात करता था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था। इसी दौरान पीड़ति को नहाने जाते अकेली देखकर आरोपी बुरी नियत से " तुम मुझसे बात नहीं करोगी तो मैं तुम्हारी बेज्जती कर दूंगा एवं तेरे पति एवं दोनों बच्चों को जान से मार दूंगा कहकर धमकी दिया एवं पत्थर उठाकर मारने का प्रयास किया। जिससे पीड़ति डरकर वहां से भाग गई। आरोपी पीड़ति के घर में रखे मोबाइल को चोरी कर ले गया एवं उसी फोन से पीड़ति के पड़ोसी को फोनकर तोड़-फोड़ एवं चोरी की घटना के संबंध में बताया। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान आरोपी लिखनलाल यादव 24 साल जामसरारकला का पता तलाश पूछताछ किया गया। जुर्म स्वीकार करने से गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

**भोजटोला पुलिस कैंप का मामला**

# पुलिस कैंप के समीप मृत मिला बाइक सवार युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मोहला थाना क्षेत्र के भोजटोला पुलिस कैंप के पास एक बाइक सवार युवक सड़क किनारे खेत में मोटर साइकिल सहित मृत अवस्था में मिला है। युवक की मृत्यु का कारण पता नहीं चल सका है। मृतक की पहचान भोजटोला निवासी नूतन नायक पिता बल्लूराम नायक के रूप में हुआ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक भोजटोला कैंप के समीप खेत में बाइक के नीचे दबा हुआ मिला है, जिसे गुरुवार दोपहर ढाई बजे घटनास्थल से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला लाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण पश्चात युवक को मृत घोषित किया है। घटना को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि युवक रात को ही किसी तरह की घटना का शिकार हो गया और रातभर कड़कड़ाती ठंड में पड़ा रहा। इधर मामले में मोहला पुलिस ने मर्ग कायम किया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते आगे की जांच प्रारंभ कर दी।



# महाराष्ट्र से लाया जा रहा 40 कट्टा धान चेकपोस्ट में पकड़ाया, जब्त

- अवैध खरीदी व बिक्री पर लगातार कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी-पाटेकोहरा पर चेकपोस्ट बनाया गया है। जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**सूचना पर की कार्रवाई :** खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बेंदाड़ी चेकपोस्ट में महाराष्ट्र राज्य से वाहन में लाया जा रहा 40 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि बेंदाड़ी चेक पोस्ट में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान अवैध धान की जानकारी मिली। जिसमें 40 कट्टा अवैध धान पाया गया। जब्त धान को छुरिया थाना में अभिरक्षा के लिए दिया गया है। जब्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। महाराष्ट्र से अवैध धान खपाने ग्राम झाडीखैरी के किसान के घर धान का परिवहन किया जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार विजय कुमार साहू, सहायक खाद्य अधिकारी हेमा नाग, खाद्य निरीक्षक गरिमा सोरी और प्रतिमा खुटे उपस्थित थी। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**सफाई ठेकेदार के खिलाफ खोला मोर्चा**

# सफाई कर्मचारियों के ईपीएफ में घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के साथ ठेकेदार द्वारा वर्ष 2022 से उनके ईपीएफ में घोटाला किया जा रहा है। इस मामले को लेकर अब सफाई कर्मचारी एकजुट हो गए हैं और ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर कराने कोतवाली थाना में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

लंबे समय से नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी ठेकेदार सतीश अन्ना के खिलाफ समय-समय पर आंदोलन के माध्यम से ईपीएफ की राशि नहीं जमा करने का आरोप लग रहे थे। तो वहीं अब ठेकेदार द्वारा राशि जमा करने को लेकर टाल-मटोल किए जाने के चलते सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर करने थाना में शिकायत दर्ज कराई है।



### मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग

कोतवाली थाना पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने कहा कि सतीश रणसुरे अन्ना बाम्बे सफाई कामगार सहकारी समिति के अध्यक्ष हैं और वे सफाई ठेका चला रहे हैं। जिसमें 57 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। वर्ष 2022 से सतीश अन्ना द्वारा सफाई कर्मचारी के ईपीएफ की राशि उनके खाते में जमा नहीं की जा रही है। कई बार कहने पर भी राशि नहीं जमा की गई। अब उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई को लेकर एफआईआर करने आवेदन दिया गया है।

### समय पर वेतन नहीं

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने कहा कि ठेकेदार सतीश अन्ना द्वारा कर्मचारियों को तीन-चार माह में एक माह का वेतन दिया जाता है। जिसके चलते सफाई कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा ईपीएफ की राशि नहीं जमा किया जा रहा है, जो नियम विरूद्ध है।

### काम से निकालने धमकी

ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर कराने थाना पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने कहा कि ईपीएफ को लेकर मांग किए जाने पर ठेकेदार द्वारा काम से निकालने की धमकी दी जाती है। सफाई कर्मचारी विरोध करते हैं तो सभी को डराया-धमकाया जाता है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
प्रदेश के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विषेशज्ञ
डॉ. संजय कुमार शर्मा
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएनबी(नेफ्रोलॉजी)
आपके शहर राजनांदगांव में
किडनी रोग के लक्षण
मूत्र में रक्त या झाग आना, हाथ पैर एवं चेहरे में सूजन आना, पेशाब के आवृत्ति में परिवर्तन, पेशाब की मात्रा कम हो जाना, पीठ दर्द या पेट के निचले हिस्से में दर्द
टेम्परी एवं परमानेंट कैथेटर इंसर्शन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड से डायलिसिस/ईलाज की सुविधा
दिनांक : 30 नवम्बर 2024 (इस शनिवार)
समदा हॉस्पिटल
महामाया चौक, बसंतपुर, राजनांदगांव
समय दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेब टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
9098122633, 7773010942
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप

### नशीली दवा बेचने वालों पर कार्रवाई के निर्देश



**कवर्धा।** नशीली दवाओं के विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में नशीली दवाओं के सेवन, विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रदेश में नशीली दवाओं के विक्रय, सेवन पर वैधानिक कार्रवाई करने, नशीली दवाओं की बिक्री रोकने के लिए गृह विभाग और स्वास्थ्य विभाग की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। नशीली दवाओं के नियंत्रण के लिए मेडिकल दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण व ऐसे मेडिकल शॉप जो अवैधानिक नशीली दवा के कारोबार में संलग्न है उन पर कार्रवाई करने कहा है।

### मानिकचौरी स्कूल में बाल मेला का आयोजन



**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला/ पूर्व माध्यमिक शाला मानिकचौरी के संयुक्त तत्वाधान में बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला के आयोजन में सभी बच्चे, पालक अभिभावक एवं ग्रामवासियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। बाल मेला के आयोजन से पूर्व बच्चों ने विभिन्न प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली थी। बाल मेला के दिन बच्चों ने स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्रियों से संबंधित दुकाने एवं खेल से संबंधित आकर्षक स्टॉल लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम मानिकचौरी के सरपंच प्रतिनिधि शिव प्रसाद साहू, पूर्व विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जलेश चंद्रवंशी एवं वर्तमान विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशलाल साहू, संकुल मानिकचौरी के संकुल प्राचार्य मनोज कुमार नवघरे एवं राजेंद्र वैष्णव के द्वारा बाल मेला का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

# नशामुक्ति, भिक्षावृत्ति उन्मूलन और विशेष पिछड़ी जनजातियों का सशक्तिकरण जरुरी

■ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुचना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने बृहस्पतिवार को कबीरधाम जिले के अवसर पर कवर्धा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नशामुक्ति अभियान, भिक्षावृत्ति उन्मूलन और विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के जीवनस्तर में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही विकास के लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में आदिमजाति विकास विभाग के सचिव सोनमणी बोरा, राज्यपाल के अवर सचिव सुश्री अर्चना पांडेय, एडीसी सुनील शर्मा, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार और जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राज्यपाल ने बैठक में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा- आदिवासी के शैक्षणिक, आर्थिक,समाजिक विकास के साथ उन्हें रोजागर के अवसर प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने युवाओं के लिए कौशल विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों के अनुभव का उपयोग करते हुए बैगा युवाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं।

उन्होंने बैगा युवाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने और उन्हें स्वरोजगार से जोडऩे की प्रक्रिया को प्राथमिकता देने को कहा। राज्यपाल डेका ने टीबी (क्षयरोग) और सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों के उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल यूनिट की व्यवस्था, व्यापक सर्वेक्षण और जागरूकता अभियान के माध्यम से इन बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने मरीजों को समय पर जांच, दवाइयों की उपलब्धता और पोषण सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

### नशामुक्ति और भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिए ठोस कदम




राज्यपाल श्री डेका ने नशे के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने और युवाओं को शिक्षा, रोजगार तथा खेलकूद से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने भिक्षावृत्ति के उन्मूलन के लिए पुनर्वास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और भिक्षुकों को समाज की मुख्यधारा में लाने की अपील की। राज्यपाल ने स्व सहायता समूहों को स्टार्टअप योजनाओं से जोड़ने और उनके सदस्यों को व्यवसायिक प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता तथा विपणन सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन समूहों को उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। राज्यपाल ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट उपयोग को बढ़ावा देने वाले अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनने की आदत को प्रोत्साहित करना लोगों की जान बचाने के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**कार्रवाई :** जिला शिक्षा अधिकारी की शिकायत कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

# फर्जी आदेश पेश कर बीईओ बनने वाले प्राचार्य दयाल सिंह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव का एक कूटरचित आदेश थमाकर प्राचार्य से बीईओ बनने का हथकंडा अपनाने वाले आरोपी प्राचार्य दयाल सिंह बघेल को अब कवर्धा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी की शिकायत के आधार पर की गई इस गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस आरोपी के खिलाफ आगे की कार्यवाही कर रही है।

जानकारी के मुताबिक नियुक्ति के लिए फर्जी आदेश पत्र का ये पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि जिले के ग्राम बेंदर्चीं शासकीय हाई स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर दयाल सिंह बघेल की पोस्टिंग है। बीईओ बनने की चाह रखने वाले दयाल सिंह ने विगत 19 सितंबर को अवर सचिव का एक कूटरचित आदेश जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू के समक्ष पेश किया था। इस आदेश पत्र में बकायदा दयाल सिंह बघेल को बीईओ बनाने का आदेश दिया गया था।

इस आदेश पत्र के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने बिना हकीकत जाने तत्काल स्कूल के प्राचार्य से दयाल सिंह को बीईओ बनाने का आदेश भी जारी कर दिया था। इस आदेश के बाद डीईओ को अवर सचिव के आदेश पत्र में कूटरचना होने का संदेह हुआ। लिहाजा जिला शिक्षा अधिकारी ने इस पत्र के संबंध में अवर सचिव कार्यालय में पत्राचार कर हकीकत जानने का प्रयास किया। जवाब में दयाल सिंह द्वारा पेश किया गया आदेश फर्जी होने की जानकारी सामने आई। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू का माथा चकरा गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने आनन-फानन में दयाल सिंह बघेल को बीईओ बनाने के आदेश को निरस्त कर दिया। इसके बाद इस फर्जीवाड़े की पुष्टि होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने कवर्धा सिटी कोतवाली में इस मामले की खुद थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने डीईओ की रिपोर्ट पर फर्जीवाड़ा करने वाल प्राचार्य दयाल सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस अब आरोपी को जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

### पूर्व में भी हो चुके हैं गिरफ्तार



यहां बताना लाजिमी होगा कि दयाल सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है। जानकारी के मुताबिक करीब दो साल पहले विकासखंड शिक्षा कार्यालय में महिला स्टाफ से बदसलूकी के मामले में बोड़ला बीईओ दयाल सिंह के खिलाफ थाने में एफआईआर हुई थी। मामले में थाना तलब कर बीईओ श्री सिंह की गिरफ्तारी हुई। कागजी कार्रवाई के बाद करीब आधे घंटे के भीतर मुचलके पर उन्हें रिहा कर दिया गया। इस मामले में विकासखंड शिक्षा कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 आरती अग्रवाल ने अपने अधिकारी दयाल सिंह के खिलाफ बदसलूकी करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए मामले को संज्ञान में लिया था।

### जांच के लिए पुलिस टीम की गई थी गठित

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल की निगरानी में तेजी से मामले की जांच की। एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी और कोतवाली थाना प्रभारी उप निरीक्षक शांता लकड़ा की टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कानूनी कदम उठाए और आज दयाल सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336(3), 338, 340(2) बीएनसी के तहत सभी कार्यवाही की। पुलिस की जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने प्रशासनिक सिस्टम को धोखा देने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हुई थी।

# खाद विभाग ने बनाई टीम, अब राइस मिलो में छापा मारकर जब्त कर रहे है बारदाना

■ अब तक जिले की पांच राइस मिल में की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के महज दो हप्तों के भीतर ही शुरू हुई बारदाने की किल्लत को लेकर अब खाद्य विभाग बारदाना जुटाने में जुट गया है। बताया जाता है कि इसके लिए खाद्य विभाग की टीम द्वारा राइस मिल संचालकों के ठिकानो में छापामार कार्यवाही की जा रही है और संचालकों द्वारा दबाकर रखे गए बारदानो को आवश्यक वस्तु मानते हुए जप्त किया जा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर 14 नवम्बर से जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू कर दी गई है। लेकिन महज दो हप्तों की खरीदी के बीच ही जिले में बारदाना की गंभीर समस्या खड़ी हो गई। जिसके चलते कई केन्द्रों में धान खरीदी भी प्रभावित होने लगी है। ऐसे में प्रशासन ने बारदानों की किल्लत को समाप्त करने के लिए 50 प्रतिशत बारदाना किसानो को लाने का फरमान जारी किया और राज्य शासन ने इसके एवज में प्रति बारदाना 25 रूपए भुगतान करने का भी ऐलान किया। लेकिन किसानो को शासन-प्रशासन का यह फरमान रास नहीं आया और उन्होने इसका विरोध करते हुए बीते दिनो जिले के धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना की किल्लत तत्काल दूर किए जाने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना भी दिया। साथ ही जल्द ही बारदाना की किल्लत दूर नहीं किए जाने की स्थिति में बड़ा आंदोलन करने की भी चेतावनी शासन-प्रशासन को दे डाली। जिसके बाद अब शासन-प्रशासन बारदाना की किल्लत दूर करने में जुट गया है। इसी कड़ी में शासन-प्रशासन के आदेश पर जिले का खाद्य विभाग जिले में संचालित राइस मिल संचालकों के ठिकानो में दबिस दे रहा है। दरअसल राइस मिल संचालकों को बारदाना लौटाना था लेकिन बताया जा रहा है कि राइस मील संचालकों ने देने से मना कर दिया था, जबकि शासन को धान खरीदी करने बारदाना राइस मिल देते आए है। लेकिन इस बार राइस मिल संचालकों ने भगवान जाने क्यों बारदाना नहीं दिया। यहीं वजह है कि अब खाद विभाग ने टीम बनाकर राइस मिलो में छापा मारकर बारदाना जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बारदाना को आवश्यक सेवा में लेते हुए बारदाना जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अब तक जिले के 5 राइस मिलो में छापा मारकर करीब एक लाख से अधिक बारदाना जब्त किया गया है। खाद अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि राइस मिलों में जो बारदाना है उसे जब्ती बनाने कार्रवाई की जा रही है। उन्होने कहा कि लगातार सभी राइस मिलो में बारदाना जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# शासकीय हाई स्कूल बैरख में बाल विवाह के खिलाफ विद्यार्थियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

शासकीय हाई स्कूल बैरख में बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया कि बाल विवाह हमारे सामने एक बड़ी समस्या एवं चुनौती है। हम सबको मिलकर इस समस्या का निदान, जन जागरूकता से करना चाहिए। यह एक ऐसी कुप्रथा ह, जिसने हमारी करोड़ों बालिकाओं को सीमित कर दिया है। बाल विवाह मानव अधिकार हनन के उल्लंघन का मामला है। कानून के तहत यह गैर कानूनी भी है। बाल विवाह को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए ही कानून बनाया गया है। इसका कड़ाई से पालन होना चाहिए। व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर ने कहा जन जागरूकता अभियान के प्रयासों से बाल विवाह को खत्म किया जा सकता है। शिक्षिका चमेश रावटे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ मिल कर ठोस कदम उठाए जाए ताकि बाल विवाह को खत्म किया जा सके। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए लोगों से अपील किया। शपथ ग्रहण समारोह में संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर शिक्षिका चमेश रावटे एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।



## नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मादक द्रव्यों, पदार्थों के उपयोग की रोकथाम, नशा पीड़ितों को नशा मुक्त करने तथा नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण एवं समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित करते हुए नशापान के दुष्परिणामों के प्रति जनचेतना विकसित करने एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम कोदवागोड़ान में नशामुक्ति के थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागी बच्चों को समाज कल्याण विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारी, कर्मचारियों को नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की ओर से नरेन्द्र जायसवाल, कम्प्यूटर ऑपरेटर, जनपद पंचायत पण्डरिया एवं विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाहकार चन्द्रकांत यादव, दीनदयाल कौशिक, सालिकराम बांधवे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोदवागोड़ान के प्राचार्य प्रेमसिंह टेकाम तथा समस्त शिक्षक, विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मिले डीईओ से, कई विषयों की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू से मुलाकात कर सहायक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पूर्व में दिए ज्ञापन का पालन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में सितंबर-2021 में सहायक शिक्षक व सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति किया गया है। भर्ती नियमों के अनुसार सीधी भर्ती से नियुक्त सहायक शिक्षकों के लिए तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि निर्धारित है। जिले में सीधी भर्ती से नियुक्त सहायक शिक्षकगण विगत सितंबर माह में तीन वर्ष की सेवा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हैं, लेकिन परिवीक्षा अवधि समाप्ति का आदेश आज पर्यन्त तक जारी नहीं हुआ है। जिले के शिक्षकों की उच्च योग्यता के लिए अनुमति पत्र भी जारी नहीं हुआ है। कुछ संकुलों में अनाधिकृत रुप से पाठकान पंजी की प्रतिदिन छायाप्रति सोसल मीडिया से मांगा जा रहा है। एसोसिएशन द्वारा पूर्व में दिए गए पत्र के संबंध में डीईओ से जारी निर्देश का बीईओ द्वारा अब तक पालन नहीं किया जा रहा है। डीईओ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि सहायक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश आज या कल तक जारी कर दिया जाएगा। साथ ही अनुमति पत्र भी शीघ्र जारी किया जाएगा। सभी बीईओ को पालन प्रतिवेदन का भी निर्देश दिया जाएगा।



**पंजीकृत कराए गए प्रकरणों के त्वरित निपटारे के लिए निरंतर हो रही बैठकें**

# नेशनल लोक अदालत की तैयारियों में जुटा जिला न्यायालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आगामी 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा विभिन्न विभागों और संस्थानों के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों का उद्देश्य अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा हेतु नेशनल लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करना है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष, माननीय श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने आज जिला न्यायालय परिसर के सभागार में मोटर बीमा दुर्घटना दावा प्रकरणों (एमएसीटी) से संबंधित बीमा कंपनियों के अधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया और अधिवक्ताओं से अधिकाधिक प्रकरणों को राजीनामा हेतु अदालत में प्रस्तुत करने की अपील की। इससे पूर्व, 26 नवंबर 2024 को पुलिस थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें अपने थाना क्षेत्रों के प्रकरणों में चालान शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। 27 नवंबर 2024 को बैंकों, दूरसंचार विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग और जिला पंचायत के अधिकारियों-प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अधिकाधिक प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद) प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित और आपसी सहमति से समाधान किया जा सकता है। यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करती है, बल्कि पक्षकारों को न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग का अनुभव भी कराती है।



